**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**0000**

**000**

**00**

**0**

**31.08.2026/प्रादेशिक समाचार/**

**09:20 बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र तीन दिन के अवकाश के बाद आज फिर होगा शुरू।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–भ्रष्टाचारियों की अवैध संपत्तियां जब्त कर गरीबों में की जाएगी वितरित।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई।
- सेब उत्पादक संघ ने राज्य सरकार से मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब और अन्य फलों का बकाया भुगतान जल्द करने का किया आग्रह।
- प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय–मौसम विभाग ने 3 जिलों में आज भारी बारिश का यलो अलर्ट किया जारी–3 सितंबर तक प्रदेश भर में भारी बारिश के आसार।

**अब समाचार विस्तार से........**

**विधानसभा**

प्रदेश विधानसभा सभा का मानसून सत्र तीन दिन के अवकाश के बाद आज फिर शुरू होगा। सदन की कार्यवाही दोपहर बाद 2 बजे प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। इस दौरान अनेक विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता......

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में लोगों से सहयोग की अपील की है। कांगड़ा जिला के देहरा में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के सभी रास्ते बंद करने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टोलरेंस की नीति अपना रही है और किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल सभी लोगों से उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों का ब्यौरा मांगा जाएगा और ऐसी संपत्तियों को जब्त कर गरीबों में वितरित किया जाएगा।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं होगी और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के कोटीबाई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और सुधार कार्यों पर लगभग 120 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में किसी भी अवरूद्ध सड़क को 24 घंटे के भीतर खोलने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**एम आई एस**

हिमाचल सेब उत्पादक संघ ने राज्य सरकार से मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब और अन्य फलों का बकाया भुगतान जल्द करने की मांग की है। संघ के राज्य कमेटी सदस्य संजय चौहान ने कहा कि जरूरी दस्तावेज जमा करने के बावजूद भी कई किसानों के खातों में बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि एम आई एस के तहत सेब खरीद में सामने आई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। संजय चौहान ने खरीद व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और संग्रहण केंद्रों पर नियुक्तियों के लिए स्पष्ट नियम बनाने की भी सरकार से मांग की है।

## विरोध प्रदर्शन

प्रदेश संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले 18 संगठनों के पैंशनरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर कल शिमला के चौड़ा मैदान में एक विशाल आक्रोश रैली निकालने का निर्णय लिया है। शिमला से जारी एक बयान में समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि ये धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक पैंशनर्स की सभी देनदारियां सरकार द्वारा चुकता नहीं की जाती। उन्होंने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि पेंशनर्स व कर्मचारियों को 15 प्रतिशत महंगाई भत्ते के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही दिए जा रहे हैं।

## संजय अवस्थी

विधायक संजय अवस्थी ने अर्की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय खंड स्तरीय अंडर–19 छात्र वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता का कल शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में 22 स्कूलों के 3 सौ 34 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों में भाग लेने और नशे से दूर रहने का आहवान किया।

## जनगणना

प्रदेश के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में जनगणना का दूसरा चरण कल से शुरू हो रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य, रोजगार शिक्षा और अन्य सामाजिक पहलुओं से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। सिरमौर जिले में भी बर्फबारी वाले नौहराधार क्षेत्र के 10 गांवों में भी ये जनगणना होगी। हमारे सिरमौर जिला संवाददाता ने बताया कि इसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## मणिमहेश यात्रा

चम्बा पुलिस ने विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा के सफल संचालन के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। ये यात्रा 4 सितम्बर से 19 सितम्बर के बीच चलेगी। पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने बताया कि लोगों की सुरक्षा व बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि यात्रा क्षेत्र को 13 सैक्टरों में बांटा गया है।

## मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में कल हुई व्यापक वर्षा के बाद आज अधिकांश क्षेत्रों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 3 सितंबर तक प्रदेश के कई जिलों में अंधड़ व भारी बारिश की संभावना जताई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार भूस्खलन के कारण प्रदेश में 64 सड़कें अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 2 सौ 26 विद्युत ट्रांसफार्मर और 9 पेयजल योजनाओं पर भी असर पड़ा है। इस मॉनसून सीजन में बारिश और इससे जुड़े हादसों में अब तक 2 सौ 53 लोगों की मौत जबकि 4 सौ 62 लोग घायल हुए हैं। बारिश और प्राकृतिक आपदाओं में 4 सौ 51 मवेशियों की भी मौत हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक इस मानसून सीजन में अब तक प्रदेश में सामान्य से 10 फीसदी कम बारिश हुई है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **भाखड़ा, कौल डैम समेत बांधों की सुरक्षा में लगेंगे एंटी ड्रोन सिस्टम।**

**दिव्य हिमाचल** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को शीर्षक दिया है भाजपा छोड गई थी 76 हजार 707 करोड़ का कर्ज।

**दैनिक सवेरा टाइम्स** की खबर है **हिमाचल हाईकोर्ट को मिले 3 नए जज राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने दिलाई शपथ।**

**महंगाई पर भारी आस्था–हिमाचल के 30 मंदिरों में जमा है 6 दशमलव 25 क्विंटल सोना और 254 क्विंटल चांदी दैनिक भास्कर** की एक खबर है।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र तीन दिन के अवकाश के बाद आज फिर होगा शुरू।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–भ्रष्टाचारियों की अवैध संपत्तियां जब्त कर गरीबों में की जाएगी वितरित।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई।
- सेब उत्पादक संघ ने राज्य सरकार से मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब और अन्य फलों का बकाया भुगतान जल्द करने का किया आग्रह।
- प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय–मौसम विभाग ने 3 जिलों में आज भारी बारिश का यलो अलर्ट किया जारी–3 सितंबर तक प्रदेश भर में भारी बारिश के आसार।